प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणीः देहरादून

पत्रांकः आरएनयू/आका०/दे०दून/संपादक/गढ़–कुऊं पैनल/2024–25 दिनांकः 02.01.2025

# विज्ञप्ति

क्षेत्रीय समाचार एकांश, आकाशवाणी देहरादून में गढ़वाली एवं कुमाऊंनी समाचार वाचन हेतु कैजुअल समाचार वाचक/वाचिका और कैजुअल समाचार संपादक/एडिटर हेतु पैनल का गठन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रसार भारती के आकाशवाणी केंद्र, हरिद्वार बाईपास रोड, निकट–रिस्पना पुल से कार्य दिवसों में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं अथवा प्रसार भारती की वेबसाइटः https://prasarbharati.gov.in/pbvacancies/ से भी डाउनलोड़ कर सकते हैं। उपरोक्त पदों हेतु योग्यता निम्नलिखित हैः–

| क्र० सं० | श्रेणी/पद | अनिवार्य/आवश्यक शैक्षिक योग्ताएं | वांछनीय योग्यता | आयु | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गढ़वाली समाचार वाचन हेतु कैजुअल समाचार वाचक/वाचिक सह अनुवादक (असाइनमेंट के आधार पर) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, हिन्दी में दक्षता के साथ गढ़वाली का विशिष्ट ज्ञान होना अनिवार्य है तथा प्रसारण के लिए उपयुक्त स्वर। | रेडियो/टीवी में पत्रकारिता से संबंधित कार्य का अनुभव तथा कंप्यूटर का प्राथमिक ज्ञान। | 10 अगस्त 2023 को 21 से 50 वर्ष के बीच। | सामान्य हेतु रु.300/– एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी हेतु रु.225/– (18% जीएसट अतिरिक्त) |
| 2. | कुमाऊंनी समाचार वाचन हेतु कैजुअल समाचार वाचक/वाचिक सह अनुवादक (असाइनमेंट के आधार पर) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, हिन्दी में दक्षता के साथ कुमाऊंनी का विशिष्ट ज्ञान होना अनिवार्य है तथा प्रसारण के लिए उपयुक्त स्वर। | रेडियो/टीवी में पत्रकारिता से संबंधित कार्य का अनुभव तथा कंप्यूटर का प्राथमिक ज्ञान। | 10 अगस्त 2023 को 21 से 50 वर्ष के बीच। | सामान्य हेतु रु.300/– एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी हेतु रु.225/– (18% जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | हिन्दी समाचार हेतु कैजुअल एडिटर/रिपोर्टर एडीटोरियल (असाइनमेंट के आधार पर) | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक<br>2. पत्रकारिता में डिग्री या एक साल का पीजी डिप्लोमा<br>**अथवा**<br>इलैक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया में रिपोर्टिंग/एडिटिंग में 5 वर्ष का अनुभव<br>हिन्दी में दक्षता | रेडियो/टीवी में पत्रकारिता से संबंधित कार्य का अनुभव तथा कंप्यूटर का प्राथमिक ज्ञान। | 20 जनवरी 2025 को 21 से 50 वर्ष के बीच। | सामान्य हेतु रु.300/– एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी हेतु रु.225/– (18% जीएसटी अतिरिक्त) |

**नोटः**

1. अभ्यर्थी देहरादून नगर निगम क्षेत्र का निवासी होना चाहिए।
2. यदि कोई अभ्यर्थी सभी पदों के लिए आवेदन करता है तो अभ्यर्थी को अलग–अलग आवेदन करना होगा।
3. सफल अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के हकदार नहीं होंगे।
4. वर्तमान में प्रसार भारती के समाचार सेवा प्रभाग आकाशवाणी नई दिल्ली के आदेशानुसार गढ़वाली एवं कुमाऊंनी समाचार वाचन हेतु अभ्यर्थी को (रुपये 975/– प्रति हाफ शिफ्ट) और कैजुअल संपादक को (रुपये 1875/– प्रति शिफ्ट) की दर से शुल्क देय होगा, जो भविष्य में परिवर्तित किया जा सकता है।
5. कार्य प्रदर्शन एवं आवश्यकतानुसार के आधार पर अभ्यर्थी को असाइनमेंट दिए जाएंगे। (अधिकतम 6 असाइनमेंट मासिक)।
6. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 है।
7. आवेदन पत्र ररिस्टर्ड पोस्ट द्वारा केन्द्राध्यक्ष, आकाशवाणी, निकट रिस्पना पुल, हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून–248001 के नाम से स्वीकार किए जाएंगे।

(केंद्राध्यक्ष)
आकाशवाणी केंद्र, देहरादून

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणीः देहरादून

# आवदेन फॉर्म

## असाइनमेंट के आधार पर – कैजुअल हिंदी संपादक, गढ़वाली एवं कुमाऊंनी समाचार वाचक/वाचिका

1. नामः ..........................................................................................
2. पिता का नामः ..........................................................................................
3. जन्म तिथिः ............................ 20 जनवरी 2025 को उम्रः ......................
4. लिंग (महिला/पुरुष): ..........................................................................................
5. श्रेणी (सामान्य/एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी): ......................
6. आधार संख्याः ..............................
7. पद (कैजुअल हिंदी संपादक, गढ़वाली/कुमाऊंनी वाचक/वाचिका) : ..............................
8. शैक्षिक योग्यताः ...........................
9. कंप्यूटर/तकनीकी ज्ञानः .......................................
10. अनुभवः ............................................
11. पताः .............................................
12. मोबाइल नं. .............................. ई–मेल आईडीः ..............................

**अभ्यर्थी हेतु आवश्यक शर्तेः–**

1. कैजुअल समाचार वाचक/वाचिका हेतु अभ्यर्थी की आयु 1 अगस्त 2023 को 21 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
2. कैजुअल समाचार संपादक हेतु अभ्यर्थी की आयु 20 जनवरी 2025 को 21 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
3. देहरादून नगर निगम के अंतर्गत रहने वाले अभ्यर्थी के आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे।
4. शैक्षिक, आयु, अनुभव, जाति एवं पत्ते संबंधी प्रपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करें।
5. आवेदन पत्र केन्द्राध्यक्ष, आकाशवाणी, निकट रिस्पना पुल, हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून– 248001 को रजिस्टर्ड डाक से भेजें।
6. सामान्य अभ्यर्थी हेतु परीक्षा शुल्क– रु. 354/–(रुपये तीन सौ चौवन मात्र) 18 प्रतिशत जीएसटी सहित। एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी हेतु परीक्षा शुल्क– रु. 266/– (रुपये दो सौ छियासठ मात्र) 18 प्रतिशत जीएसटी सहित। केवल NEFT द्वारा "आहरण एवं संवितरण" अधिकारी DDO आकाशवाणी केंद्र देहरादून, के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मेन ब्रांच 4– कॉनवेंट रोड, देहरादून खाता संख्याः 31152871600 आईएफसी कोडः SBIN0000630 में जमा करें। यह शुल्क बिना किसी कटौती/बैंक फीस के इस खाते में जमा होना चाहिए। यह शुल्क किसी भी दशा में लौटाया नहीं जाएगा।

### घोषणा

मैं यह घोषित करता/करती हूं कि आवेदन– पत्र में दी गयी जानकारियां पूर्णतः सत्य है। मैंने किसी तथ्य को न छिपाया है और न गलत है। मैं यह घोषित करता/करती हूं कि यदि मेरी कोई सूचना असत्य, गलत अथवा भ्रामक पाई जाती है, तो चयनित होने की स्थिति में भी मुझे पैनल से हटा दिया जाए।

मैंने यह भलिभांति समझ लिया है कि यह कोई नियमित सरकारी सेवा नहीं है और न ही नियमितीकरण के लिए भविष्य में मेरा कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मैने यह भी समझ लिया है कि आवेदित पैनल के लिए चयनित होने की स्थिति में मुझे आकाशवाणी केंद्र की आवश्यकतानुसार समय–समय पर असाइनमेंट के आधार पर अनुबंधित किया जाएगा। मुझे यह भी ज्ञात है कि मेरा कार्य व्यवहार संतोषजनक न होने पर मुझे पैनल से कभी भी हटाया जा सकता है।

दिनांकः ......................................                (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

स्थानः ......................................                पूरा नामः ......................................................